विधायक, पूर्व मंत्री, नपाध्यक्ष और दलित संगठनों ने किया माल्यार्पण

मंडलेश्वर / इंदौर समाचार बाबा साहब की जयंती पर महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार मेव, पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ विजयलक्ष्मी साधौ, पूर्व विधायक भूपेन्द्र आर्य द्वारा मंडलेश्वर मे बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।बाबा साहब कि जयंती कि तैयारी हेतु 13 अप्रैल की रात दो बजे तक़ बाबा साहब प्रतिमा स्थल पर रंगाई पुताई और फव्वारा लगाने और सजावट का कार्य नगर परिषद अमले द्वारा किया गया।

अम्बेडकर जयंती के अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री और पूर्व राज्य सभा सांसद सुश्री डॉ विजय लक्ष्मी साधौ ने नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष चौहान नपाध्यक्ष विश्वदीप मोयदे, रत्नदीप मोयदे और कार्यकर्ताओ के साथ बड़वाह रोड स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। विधायक राजकुमार मेव ने मंडल अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र पाटीदार उपाध्यक्ष हरी गाड़गे ब्रम्हदत्त चौहान एल्डरमेन श्रीमति मंजुला मेवाड़े और कार्यकर्ताओ के साथ बाबा साहब को माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर नगर परिषद मंडलेश्वर द्वारा प्रतिमा स्थल पर लगाए गए फव्वारे का विधायक राजकुमार मेव ने नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे के साथ लोकार्पण किया।इस अवसर पर विधायक ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मै विधायक बाबा साहब के बनाए संविधान के कारण बना हूँ।मध्य प्रदेश अजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भूपेन्द्र आर्य ने रुपेश शर्मा व कार्यकर्ताओ के साथ बाबा साहब को नमन किया।मध्य प्रदेश मानव अधिकार परिषद के अध्यक्ष संतोष ठाकुर ने प्रदेश मिडिया प्रभारी दुर्गेश राजदीप के साथ बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी।नगर परिषद कि ओर से अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे सी एम ओ संजय रावल, पार्षद कमलेश भार्गव राजस्व निरीक्षक कैलाश वर्मा दरोगा मनोहर गोहर अभिषेक वर्मा शैलेन्द्र भार्गव सहित स्टॉफ द्वारा किया गया।

दोस्ती की अटूट डोर इस्माइल लहरी और अजीज का 43 साल का सफर

इस्माइल लहरी एक व्यक्तित्व, दो दोस्तों की अनकही दास्तां

सफलता के शिखर पर भी नहीं बदला निवाली का वो भोलापन

बड़वानी। आज से करीब 43 साल पहले, बड़वानी के निवाली गाँव से एक दुबला-पतला लड़का अपनी आँखों में कुछ लकीरें और ढेर सारे सपने लेकर इंदौर की ओर चला था। एक मजदूर परिवार का वो बेटा, जिसे कार्टून कला की ऐसी ललक थी कि एक मित्र की सलाह पर उसने अपना घर छोड़ दिया। उस वक्त किसे पता था कि यह लड़का एक दिन देश का नाम रोशन करने वाला कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी बनेगा।

जब यादें ताज़ा हुई -मुझे आज भी वह दिन याद है जब 43 साल पहले मेरी उनसे इंदौर के एक अखबार के दफ्तर में मुलाकात हुई थी। जैसे ही मैंने अपना नाम बताया, उन्होंने बड़े अपनेपन से कहा था अजीज भाई, यह मेरी खुशनसीबी है कि आप मिलने आए। मैं तो आपको अपना मॉडल मानता हूँ। वह सादगी आज भी बरकरार है। अखबारों में छपने की जिस चाहत के साथ उन्होंने सफर शुरू किया था, आज वो खुद एक इतिहास बन चुके हैं।

रिश्तों की महकः सितारों से लेकर जमीन तक

सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ते हुए लहरी जी ने देश ही नहीं, बल्कि विदेश में भी भारत का परचम लहराया। चाहे शाहरुख खान हों, सलमान खान या अक्षय कुमार, फिल्मी दुनिया के बड़े-बड़े सितारे उनके प्रशंसक रहे। कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से उन्हें नवाजा गया, हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार ने भी उन्हें सम्मानित किया। यहाँ तक कि उनके चाहने वाले अब उन्हें पद्मश्री के हकदार के रूप में देखते हैं। लेकिन इन सब उपलब्धियों के बीच, लहरी जी के लिए सबसे बड़ा सुकून आज भी अपने गाँव की गलियों में है।

मिट्टी से जुड़ावः वो दो दिन और पुरानी यादें-हाल ही में जब लहरी जी बड़वानी, सिलावद और निवाली आए, तो उनके साथ बिताए वो दो दिन मेरे दिल में छप गए। एक तरफउनकी राष्ट्रीय ख्याति और दूसरी तरफउनका वो पुराना अंदाज़ जिसमें न कोई शिकन थी, न कोई अहंकार। वह अपनी व्यस्तताओं को भूलकर अपने संघर्ष के दिनों के साथियों से ऐसे मिले, जैसे कल ही की बात हो। चाहे वह होटल में काम करने वाला पुराना साथी हो, ठेले पर सब्जी बेचने वाला सीताराम हो या फिर नंदू, सलीम, अब्दुल और असद भाई। सिलावद में 40 साल पुराने पारिवारिक बुजुर्ग अजमेरी साहब से मिलना हो या पुराने पटवारी शेख साहब से कुशलक्षेम पूछना लहरी जी ने साबित कर दिया कि इंसान कितना भी बड़ा क्यों न हो जाए, उसकी असल पहचान उसके अपनों से होती है।

मैं हमेशा इस्माइल ही रहूँगा -63 साल की उम्र में भी वो सदाबहार हैं। वह कहते हैं, मैं हमेशा इस्माइल ही रहूँगा। और सच में, उनकी बातों में आज भी वही मासूमियत और गुदगुदाने वाला अंदाज़ है। जनसंपर्क अधिकारी असद खान और मेरे साथ बिताए वो लम्हे, सांझा की गई वो पुरानी यादें, हमारी इस 43 साल की दोस्ती की कड़ी को और मजबूत कर गई।

दुआओं भरा विदा -जब वो विदा हुए, तो चेहरे पर वही चिर-परिचित मुस्कान (तबस्सुम) और जुबान पर वही शब्द थे चलो अजीज भाई, फिर मिलेंगे इंशाल्लाह। ऐसी शख्सियत से अपनी करीबी पाकर हम खुद को खुशनसीब मानते हैं। खुदा लहरी जी को हमेशा स्वस्थ, प्रसन्न और आबाद रखे। उनकी मुस्कुराहट और हमारी दोस्ती का यह सफर यूँ ही बरसों-बरस महकता रहे।

आशा भोंसले के निधन से संगीत जगत स्तब्ध-बड़वाह के गड़बड़ तिवारी ने साझा कीं स्वर सम्राज्ञी की यादें

बड़वाह (खरगोन)- सुरों की मल्लिका और स्वर सम्राज्ञी आशा भोंसले के 92 वर्ष की आयु में निधन से देशभर के संगीत प्रेमियों में शोक की लहर है। फिल्म और संगीत जगत के लिए इसे एक युग का अंत माना जा रहा है। आशा जी के निधन की खबर सुनकर बड़वाह के 68 वर्षीय प्रख्यात संगीत प्रेमी और रेडियो श्रोता संघ के संस्थापक कपिल तिवारी (गड़बड़ तिवारी) भावुक हो गए। उन्होंने नम आंखों से आशा जी से जुड़े अपने अनूठे संग्रह और यादों को साझा किया।

1962 में आशा जी ने भेजा था धन्यवाद पत्र और हस्ताक्षरित चित्र-कपिल तिवारी ने बताया कि वे आशा जी की गायकी के इस कदर दीवाने थे कि उस दौर में जब मोबाइल या ईमेल नहीं था, वे उन्हें पत्र लिखकर उनके गीतों की सराहना करते थे। उनकी दीवानगी का जवाब खुद आशा जी ने वर्ष 1962 में एक धन्यवाद पत्र भेजकर दिया था, जिसमें उनका ऑटोग्राफ किया हुआ चित्र भी शामिल था। यह पत्र आज भी उनके पास सुरक्षित है।

मुंबई तक खींच ले गई थी दीवानगी, चिवड़ा लेकर पहुंचे थे घर-आशा जी से मिलने की चाह में कपिल तिवारी मुंबई तक जा पहुंचे थे। उन्होंने बताया, ÷जब लंबे समय बाद आशा जी ने सुदेश भोंसले के साथ अपना लाइव कॉन्सर्ट शुरू किया था, तब मैंने अखबार में खबर पढ़ते ही 1000 रुपये का टिकट लेकर उनका कार्यक्रम देखा था। इतना ही नहीं, वे आशा जी के जन्मदिन (8 सितंबर) पर उन्हें बधाई देने उनके घर भी पहुंचे थे और साथ में बड़वाह का प्रसिद्ध चिवड़ा भी ले गए थे। हालांकि, उस समय आशा जी पुणे में थीं, जिसके कारण मुलाकात नहीं हो पाई। तिवारी जी कहते हैं कि उनसे न मिल पाने की कसक उन्हें जीवन भर रहेगी।

पुराने गीतों का एनसाइक्लोपीडिया हैं कपिल तिवारी-उल्लेखनीय है कि कपिल तिवारी केवल एक श्रोता ही नहीं, बल्कि फिल्मी दुनिया के चलते-फिरते एनसाइक्लोपीडिया हैं। उनके पास फिल्मी हस्तियों, गायकों, गीतकारों और संगीतकारों के हस्तलिखित पत्रों व चित्रों का दुर्लभ संग्रह है। उनकी विशेषज्ञता ऐसी है कि वे पुराना गीत सुनकर तुरंत उसके गायक, गीतकार, संगीतकार, फिल्म और रिलीज का वर्ष बता देते हैं। कपिल तिवारी के अनुसार, ÷फिल्मी संगीत की वह पीढ़ी जिसने अपनी मधुर आवाज़ से विश्व को दीवाना बनाया, अब एक-एक कर विदा हो रही है। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल जैसे दिग्गज अब उस स्वर्ण युग का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

गर्मी दिखाने लगी तेवर, चलने लगी गर्म हवाएं

खरगोन। बीते दो दिनों में जिले में रात ठंडी तो दिन का पारा बढ़ गर्म रहा अप्रैल के पहले सप्ताह में चला बूंदाबांदी, हवा-आंधी का दौर अब पूरी तरह थम गया है। दूसरे सप्ताह में गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। अब तक 36 डिग्री पर स्थिर बना हुआ तापमान, पिछले चार दिनों में बढ़कर 40 डिग्री पहुंच गया है। सोमवार को शहर में सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिन चढ़ने के साथ सूरज की तपिश लगातार बढ़ती रही, जिससे तापमान में तेजी से उछाल देखा गया। गर्मी का असर इतना ज्यादा रहा कि लोग दोपहर के समय घरों में रहने को मजबूर नजर आए। खुले इलाकों में धूप की तीव्रता ने सामान्य जनजीवन को प्रभावित किया। दिनभर चलने वाली गर्म हवाओं ने गर्मी को और ज्यादा तीखा बना दिया। सोमवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे पहले बुधवार को अधिकतम 36.2, गुरुवार को 37, शुक्रवार को 38 और शनिवार को 39 और रविवार को 39.2 डिग्री तापमान रहा। जबकि न्यूनतम तापमान पिछले चार दिनों के मुकाबले 1 डिग्री बढ़ा है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री रहा, जबकि इससे पूर्व 20 डिग्री पर स्थिर बना हुआ था। बढ़ते अधिकतम तापमान से यह साफ है कि गर्मी लगातार अपना असर बढ़ा रही है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा और गर्म हवाएं चलेंगी। इससे दिन और रात दोनों के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। सामान्य तापमान से 3 डिग्री या उससे अधिक बढ़ने की संभावना जताई गई है, जिससे गर्मी का असर और तीव्र होगा। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंच सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान में भी 4 से 5 डिग्री की बढ़ोतरी संभव है।

बाबा भीमराव अम्बेडकर जयंती पर भाजपा का दो दिवसीय आयोजन

सेवा बस्ती में पहुंचकर पूर्व संध्या किया दीपोत्सव, जयंती के दिन माल्यार्पण एवं सेवा कार्य

आलीराजपुर। भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के महानायक बाबा भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलेभर में दो दिवसीय व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामाजिक समरसता, स्वच्छता एवं सेवा का संदेश देते हुए विविध गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत 13 अप्रैल को स्वच्छता अभियान के साथ हुई, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष मकू परवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर सफाई कर स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। इसके साथ ही बाबा साहब की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को स्मरण करते हुए समाज में समानता और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया। दूसरे दिन, 14 अप्रैल को जयंती के मुख्य अवसर पर सांसद श्रीमती अनिता चौहान एवं जिलाध्यक्ष मकू परवाल के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने सेवा बस्ती स्थित बाबा साहब प्रतिमा स्थल पहुंचकर कार्यक्रम आयोजित किए। यहां सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सेवा बस्ती के बच्चों के बीच बिस्किट वितरण किया गया, जिससे बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती अनिता चौहान ने बाबा भीमराव अम्बेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा किए गए सामाजिक परिवर्तन के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वही भाजपा जिलाध्यक्ष मकू परवाल ने बाबा साहब द्वारा समाज के वंचित एवं शोषित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर लिए संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान ÷बाबा साहब अमर रहें÷ के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और समर्पण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्रीमती अनिता चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मकू परवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत, जिला पंचायत सदस्य श्री भदू पचाया, जिला महामंत्री श्री रिंकेश तंवर, मंत्री श्री रितेश डावर, मंडल अध्यक्ष गिरिराज मोदी, महामंत्री राजेश गुप्ता, संदीप राही बलवंत वाघेला, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सेवा बस्ती पहुंचे। भाजपा द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम ने न केवल बाबा साहब के प्रति श्रद्धा प्रकट की, बल्कि समाज में सेवा, समरसता और जागरूकता का संदेश भी प्रभावी रूप से प्रसारित किया।

नगर परिषद कार्यालय में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

पलसूद/बड़वानी। (इंदौर समाचार) नगर के निवाली रोड स्थित नगर परिषद कार्यालय भवन में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मंगलवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर अध्यक्ष मसरा रवि अलावे,एंडरमेन योगेश शर्मा, पार्षद चेतन राठौड़ ,सीएमओ यशवंत सोलंकी, बज्रमोहन सेनी, गजेंद्र अमझरे, दयाशंकर अमझरे, रुपेश मेहरे, सहित नगर परिषद के समस्त स्टाफ ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही संविधान के महत्व और नागरिकों के कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया गया।इस अवसर पर सभी ने उनके आदर्शों पर चलने और समाज में समानता, न्याय एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।आज दिनांक को शासकीय बालक उमावि पलसूद में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर प्राचार्य आर वी,चौधरी एवं महेश अमझरे, अनिल गुप्ता,लखन निरगुडे समस्त स्टाफ द्वारा छायाचित्र पर माल्यार्पण कर संविधान संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई एवं महत्व को बताया गया

21 बुथो पर मनाई बाबा साहेब की जयंती, बस स्टेशन पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर विभिन्न संगठनो ने पुष्प अर्पित किए

बड़वाह... विश्व ज्ञानदीप महाप्रणेता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का जन्मदिन भीम अनुयायियो ने मंगलवार बडवाह नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में हर्षोल्लास के साथ मनाया7 इस अवसर पर बस स्टेशन स्थित डॉ.बाबा भीमराव अंबेड़कर की प्रतिमा पर सुबह से ही विभिन्न संगठन पुष्प अर्पित करने के लिए पहुंच रहे थे7 भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता के नेतृत्व में 21 बुथो पर बाबा साहेब की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई7नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता,महामंत्री महेंद्र अमई सहित नगर मण्डल टीम ने बस स्टेशन स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया7इसके बाद सभी बुथो पर कार्यक्रम आयोजित हुआ7इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेन्द्र पंडया,महिम ठाकुर,धनलक्ष्मी शर्मा,दीपक ठाकुर,चन्द्रपाल सिंह तोमर,पार्षद रजनी भंडारी,रवि ऐरण,निखलेश खंडेलवाल,सुरेश वाघे,विजय वर्मा,भैयालाल गुर्जर,मिक्की चौहान,लखन गड गोती सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ ने बुथो पर बाबा साहेब की जयंती उत्साह से मनाई7इसी तरह समस्त बुथो पर अध्यक्ष शाहिद कुरैशी,निरज शर्मा,रितिक आदिवाल,रोहित मालाकार,रोहित डालुका,अमन संधू,रजनी भंडारी,मनस्व राठौड़,हर्षदीप नायक,शिवा वर्मा,अमन सेन,राजेश गुर्जर,भैयालाल गुर्जर,अशोक केवट,प्रशांत शर्मा,कुणाल तिवारी,सोनम विश्वकर्मा,विजय वर्मा,अंजली गुप्ता,नन्दू यादव ने अपने बुथो पर कार्यक्रम आयोजित किया।

भाजपा सरकारों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के स्थलों को पंच तीर्थ स्थल में तब्दील किया-दौलत भावसार

झाबुआ से अर्पित चावडा। 14 अप्रैल डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जयंती के अवसर पर भाजपा नगर मंडल द्वारा जिला पदाधिकारी की उपस्थिति में झाबुआ मुख्यालय स्थित अंबेडकर पार्क में स्थापित डॉ अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया।

इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष भानु भूरिया भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष वरिष्ठ नेता दौलत भावसार पूर्व सांसद गुमान सिंह डामोर अजायजा मोर्चे के प्रदेश पदाधिकारी सोम सिंह सोलंकी एवं कल्याण सिंह डामोर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला

कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन ऐसी मोर्चे के जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह परमार द्वारा व्यक्त किया गया

इस अवसर पर भावसार ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर हमारे भारत के संविधान निर्माता थे उन्होंने संविधान का निर्माण किया और विदेश में वह पढ़कर आए देश के पहले कानून मंत्री बने

अपने जीवन काल के दौरान अंबेडकर जी ने बहुत संघर्ष किया राजनीतिक दृष्टि से कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव मुंबई में हुए उसमें उनको हराकर उनका अपमान किया भाजपा सरकार ने उनका सम्मान करते हुए उन्हें भारत रत्न की उपाधि से अलंकृत किया

भाजपा द्वारा अंबेडकर जी को सम्मान देते हुए उनकी जन्मस्थली महूसे लगाकर नागपुर मुंबई और देश में जहां-जहां भी अंबेडकर जी रहे उन स्थानों को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पंच तीर्थ के रूप में उन्हें विकसित कर भावविनी श्रद्धांजलि अर्पित की आज हम सब उनके जन्म जयंती मनाने के लिए यहां एकत्रित हुए हैं हम सब संकल्प लें कि देश के अंदर शोषण मुक्त समता युक्त समाज की रचना में अंबेडकर जी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लेवे

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने भानु भूरिया ने संबंधित करते हुए कहा कि संविधान निर्माता अंबेडकर जी ने हमें एक शक्तिशाली संविधान दिया है आज कांग्रेस और अन्य दल संविधान की दुहाई देकर देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं देश के संविधान और लोकतंत्र को यदि बढ़ाने बचानेका किसी ने काम किया है तो भाजपा सरकार और संगठन ने कियाहै

इस अवसर पर पूर्व सांसद गुमान सिंह डामोर ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि अंबेडकर जी एक योग्य और विद्वान व्यक्ति थे जिन्होंने विदेश में शिक्षा अर्जित कर संघर्ष में अपना जीवन यापन करते हुए अपने को योग्यस्थान पर पहुंचा कर अंबेडकर जी ने संविधान के माध्यम से सभी वर्गों के सर्वांगीण उत्थान के कामना कर व्यवस्था दि हम सब आज उनकी जन्म जयंती के अवसर पर उनका पुण्य स्नान करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यहां एकत्रित हुए हैं आप सबको उनकी जन्म जयंती की मैं हार्दिक बधाइयां देता हूं

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के पदाधिकारी अध्यक्ष अंकुर पाठक महामंत्री जवान सिंह मुंडिया राजेश थापा श्रीमती रेखा शर्मा जिला महामंत्री विजय चौहान श्रीमती मंजू चौहान श्रीमती चेतन चौहान श्रीमती मनीषा श्रीमती शांति वसुनिया श्रीमती शोभा कटरा स्वीट गोस्वामी मनोहर मोदी विजय नायर अमरीश भावसार ओम प्रकाश शर्मा गुलाब सिंह परमार बिट्टू सिंगर मनोहर मोदी राकेश कटारा ने कल्याण सिंह डामोर सोम सिंह सोलंकी श्री सूर्यवंशी मनोज अरोड़ा कमरू आजानारके साथ बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी श्रद्धांजलि देने वहां पहुंचे थे।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम-सांसद अनिता चौहान का भारतीय स्त्री शक्ति इकाई ने किया भव्य स्वागत

आलीराजपुर नि.प्र.। केंद्र सरकार द्वारा 21वीं सदी के ऐतिहासिक निर्णय 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को पारित करने के उद्देश्य से आयोजित संसद के विशेष सत्र में सम्मिलित होने के लिए प्रस्थान करने से पूर्व आलीराजपुर-झाबुआ-रतलाम क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान का भव्य अभिनंदन किया गया। भारतीय स्त्री शक्ति आलीराजपुर इकाई द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में सांसद महोदया का आत्मीय स्वागत कर उन्हें आगामी सत्र के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

परंपरागत स्वागत और सम्मान-इकाई की अध्यक्षा नीरजा चंदेल एवं उनकी टीम ने सांसद महोदया को पुष्प माला पहनाकर और दुपट्टा ओढ़ाकर उनका ससम्मान स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक आदिवासी गुड़िया का जोड़ा भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। नारी शक्ति की एकजुटता को दर्शाते हुए टीम ने इस ऐतिहासिक अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार भी व्यक्त किया।

इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति-शुभकामनाओं के इस गौरवशाली क्षण में भारतीय स्त्री शक्ति इकाई आलीराजपुर की अध्यक्ष नीरजा चंदेल, सचिव सुधा राठौड़, सदस्य संगीता अगाल, नेहा राठौड़, मंजू रावत, पदाधिकारी एवं सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रही। सांसद अनिता चौहान ने इस स्नेहपूर्ण विदाई और शुभकामनाओं के लिए पूरी टीम का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि यह अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

Bandhan Bank | रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छः रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन : +91-79-26421671-75

सांकेतिक आधिपत्य (कब्जा) सूचना

एतदर्थ सूचना दी जाती है कि वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पूर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 कि धारा 13(12) एवं प्रतिभूतिहित प्रर्वतन नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढते हुए अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत प्राधिकृत अधिकारी ने खाते(अकाउंट) के सामने उल्लेखित तिथि को डिमांड नोटिस (मांग पत्र) भेजा था व नोटिस प्राप्ति के 60 दिवस के अन्दर राशि की मांग की गई थी। ऋणी द्वारा भुगतान करने में असफल रहने पर कर्जदार और आम जनता को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त अधिनियम कि धारा 13 की उपधारा(4) सपठित नियम 8 के तहत नीचे लिखे लोन खातों में वर्णित बंधक सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है। अतः आप कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्तियों के बारे में कोई व्यवहार न करें और इन संपत्तियों के साथ किसी व्यवहार पर वह राशि, ब्याज, खर्च एवं शुल्क के साथ बैंक को चुकाना होगा। सुरक्षित सम्पत्ति को रिडीम/वापस लेने के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) में उपलब्ध प्रावधानों के तहत ऋणियों का ध्यान आमंत्रित किया जाता है।

ऋणियों के नाम, गेरन्टर और ऋण खाता सं.	बंधक संपत्ति का विवरण (प्रतिभूती आस्तियां)	मांगपत्र की तिथि	सांकेतिक कब्जे की तिथि	कुल बकाया राशि, मांगपत्र की तारीख तक
श्रीराजेश रमेशचंद्र राठौड़ श्रीमती माया राजेश राठौड़ 20008150002170	सभी चल और अचल संपत्ति, जो सर्वे नंबर-2/1 फोन नंबर 10, अंतिम प्लॉट नंबर 212 साउथ सेट नंबर 84 मकान नंबर-212 साउथ श्री कृष्णा ईस्टेट कॉलोनी, बड़वानी, मध्य प्रदेश। राजेश रमेशचंद्र राठौड़ के स्वामित्व में हैं और जो आवरित हैः उत्तर: प्लॉट संख्या 212 का भाग, पूर्व: सरकारी भूमि, पश्चिम: सड़क, दक्षिण: प्लॉट संख्या 213	जनवरी 07, 2025	अप्रैल 09, 2026	रु.11,22,255.44 (दिसंबर 01, 2024 तक)
श्री दीपक खेड़े श्री गोविंद साधव श्रीमती कृष्णा साधव श्री प्रदीप खेड़े 90001043141316	सभी चल और अचल संपत्ति, जो खसरा संख्या 53 (नया संख्या 53/1), सर्वे संख्या 1-09, पुखराज कॉलोनी, वार्ड संख्या 10, बरवाहा, शहर/तालुका बरवाहा, जिला, में स्थित अचल संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। खरगोन, मध्य प्रदेश-451115, क्षेत्रफल 750 वर्ग फुट (69.70 वर्ग मीटर)। श्री दीपक खेड़े के स्वामित्व में हैं और जो आवरित हैः उत्तर: प्लॉट संख्या 1-10, पूर्व: प्लॉट संख्या 1-04, पश्चिम: कॉलोनी की सड़क, दक्षिण: प्लॉट संख्या 1-09 का शेष भाग	नवंबर 06, 2025	अप्रैल 09, 2026	रु.26,88,915.50 (अक्टूबर 10, 2025 तक)

स्थानः बड़वानी-खरगोन
तारीख: अप्रैल 15, 2026

प्राधिकृत अधिकारी
बंधन बैंक लिमिटेड

In The Court of 11 Civil Judge Class-I, District Court Indore

Presiding Officer: श्रीमती मिनी गुप्ता

कमर्शियल प्रकरण क्रमांक (8/2026)

तिरूपति स्टॉर्च एण्ड केमिकल्स **Vs** आईएचएल मेडीकेयर प्रा. लि.

पेशी दिनांक - 25.04.2026

प्रेषिती-1. आईएचएल मेडीकेयर प्रा.लि. पता- ई-210 द्वितीय मंजिल क्रिस्टल प्लाजा न्यू लिंक रोड के पास अंधेरी पश्चिम मुम्बई अन्य पता - 46 ग्राम पनवा तहसील कसरावद खरगौन अन्य पता- गणेश चेम्बर 1 मोहन नगर एबी रोड नवलखा इंदौर, 2. आदित्य गुप्ता पिता मनोहरलाल गुप्ता पता- 9 जानकी नगर एनेक्स इंदौर 3. श्री आशीष गर्ग पिता गोविन्द दास गर्ग, पता-5 आनंद बगीची अग्रवाल नगर इंदौर

यह कि **मे. तिरूपति स्टॉर्च एण्ड केमिकल्स तर्फे संजय अरोरा पिता महेशचंद्र** ने आपके विरूद्ध कमर्शियल सूट के लिए वाद संस्थित किया है। आपका इस न्यायालय में प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये **उपसंजात/ हाजिर** होने के लिये समन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जें या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधरित हो, और यदि आप किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। आज तारीख **08.04.2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया

(मिनी गुप्ता), ग्यारहवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड इंदौर जिला-न्यायालय इन्दौर म.प्र.

कृपया ध्यान दें (1) यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।